एक नज़र में: उत्तर प्रदेश बजट 2019-20

drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-budget-2019-20

7 फरवरी को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल ने 2019-20 के लिये उत्तर प्रदेश विधानसभा में **4.79 लाख करोड़ रुपए का बजट** पेश किया। इस बजट में करीब **21,212 करोड़ की नई योजनाओं** का ऐलान किया गया| पिछले बजट की तुलना में यह बजट **12 प्रतिशत अधिक** है और यह उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है।

बजट में किये गए प्रमुख प्रावधान

- बालिकाओं के लिये **कन्या सुमंगला योजना** लाई जाएगी; इसके लिये 1200 करोड़ रुपए का प्रावधान
- **प्रधानमंत्री आवास योजना-**ग्रामीण के लिये 6240 करोड़ रुपए
- **स्वच्छ भारत मिशन**-ग्रामीण के लिये 6000 करोड़ रुपए
- **राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना** के लिये 3,488 करोड़ रुपए
- **राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना** के लिये 2954 करोड़ रुपए
- **राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन** के लिये 1393 करोड़ रुपए
- **मुख्यमंत्री आवास योजना**-ग्रामीण के लिये 429 करोड़ रुपए
- **श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन** के लिये 224 करोड़ रुपए
- **अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति, 2012** के क्रियान्वन के लिये 600 करोड़ रुपए
- **नई औद्योगिक नीति 'औद्योगिक निवेश एवं रोज़गार प्रोत्साहन नीति, 2017'** के लिये 482 करोड़ रुपए
- **औद्योगिक निवेश प्रोत्साहित योजना, 2003** के लिये 120 करोड़ रुपए
- **राष्ट्रीय कृषि विकास योजना** के लिये 892 करोड़ रुपए
- **राष्ट्रीय फसल बीमा योजना** के लिये 450 करोड़ रुपए
- **उर्वरकों की पूर्व भंडारण योजना** के लिये 150 करोड़ रुपए
- **सहकारी क्षेत्र की बंद चीनी मिलों** के लिये 50 करोड़ रुपए
- इन मिलों को **PPP मोड** पर चलाने के लिये 25 करोड़ रुपए
- गाँवों में **गोवंश** के रख-रखाव के लिये 247 करोड़ रुपए
- शहरों में **कान्हा गोशाला** के लिये 200 करोड़ रुपए
- **36 नए थानों** और पुलिस के लिये **बैरक** बनाने के लिये 700 करोड़ रुपए
- **हवाई अड्डों के लिये 1 हजार करोड़**: जेवर एअरपोर्ट को 800 करोड़ और अयोध्या को 200 करोड़ रुपए
- **7 पुलिस लाइन** बनाने के लिये 400 करोड़ रुपए
- **पुलिस आवास** के लिये 700 करोड़ रुपए
- **पुलिस आधुनिकीकरण** के लिये 204 करोड़ रुपए

- **बस सेवा** से वंचित 14,561 गाँव जोड़े जाएंगे
- **पूर्वांचल विकास बोर्ड** के गठन का भी ऐलान
- **पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे** के लिये 1194 करोड़ रुपए
- **गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस**-वे के लिये 1,000 करोड़ रुपए
- **काशी विश्वनाथ मंदिर विस्तारीकरण योजना** के क्रियान्वन के लिये **विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद** का गठन होगा
- गंगा तट से विश्वनाथ मंदिर तक मार्ग के **विस्तारीकरण एवं सौंदर्यीकरण** के लिये 207 करोड़ रुपए
- काशी हिंदू विश्वविद्यालय में **वैदिक विज्ञान केंद्र की स्थापना** के लिये 16 करोड़ रुपए
- वाराणसी में **लहरतारा तालाब, कबीर स्थल और गुरु रविदास** की जन्मस्थली **सीर गोवर्धनपुर** का सुदृढ़ीकरण होगा
- **ब्रज तीर्थ** में अवस्थापना सुविधाओं के लिये 125 करोड़ रुपए
- अयोध्या में **प्रमुख पर्यटन स्थलों के एकीकृत विकास** के लिये 101 करोड़ रुपए
- प्रयागराज में **ऋषि भरद्वाज आश्रम** और **श्रृंगवेरपुर धाम** का विकास होगा
- **गढ़ मुक्तेश्वर** के पर्यटक स्थलों के एकीकृत विकास के लिये 27 करोड़ रुपए
- बुंदेलखंड के लिये **बुंदेलखंड विकास बोर्ड** के गठन का ऐलान किया गया
- **बुंदेलखंड की विशेष योजनाओं** के लिये 810 करोड़ रुपए
- **बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे** के लिये 1000 करोड़ रुपए
- **डिफेंस कॉरीडोर** विकसित करने के लिये **ज़मीन अधिग्रहण** के लिये 500 करोड़ रुपए
- बुंदेलखंड, **विंध्य क्षेत्र** और **पानी के संकट** से जूझ रहे गाँवों में पाइप पेयजल योजना के लिये 3000 करोड़ रुपए
- **कानपुर और आगरा मेट्रो रेल परियोजनाओं** के लिये 175-175 करोड़ रुपए
- **वाराणसी, मेरठ, गोरखपुर, प्रयागराज एवं झांसी** में मेट्रो रेल परियोजनाओं के प्रारंभिक कार्यों के लिये 150 करोड़ रुपए
- दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरीडोर **रीजनल रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम परियोजना** के लिये 400 करोड़ रुपए
- चंदौली की **कनहर सिंचाई परियोजना** के लिये 500 करोड़ रुपए
- मिर्ज़ापुर की **बाणसागर परियोजना** के लिये 122 करोड़ रुपए
- 1840 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 6000 क्रय केंद्रों के माध्यम से **गेहूँ की खरीद** होगी
- 60.51 लाख क्विंटल **बीज** का वितरण होगा
- 77.26 लाख मीट्रिक टन **उर्वरक वितरण** का लक्ष्य
- ग्रामीण अंचलों में लग रहे 500 **हाट-पैठ** के विकास के लिये 150 करोड़ रुपए
- **किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी,** लखनऊ के लिये 907 करोड़ रुपए
- **संजय गांधी PGI** में अलग-अलग कार्यों के लिये 854 करोड़ रुपए
- **डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान** के लिये 396 करोड़ रुपए
- **कैंसर संस्थान, लखनऊ** के लिये 248 करोड़ रुपए
- लखनऊ में **अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय** के लिये 50 करोड़ रुपए
- **आगरा-लखनऊ प्रवेश नियंत्रित 6 लेन एक्सप्रेस-वे** (ग्रीनफील्ड) प्रॉजेक्ट के लिये 100 करोड़ रुपए
- लखनऊ में **बिजली पासी के किले** का विकास होगा
- **आयुष विश्वविद्यालय** खोलने के लिये 10 करोड़ रुपए
- **एक जनपद एक उत्पाद योजना** के लिये 250 करोड़ रुपए
- **मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना** के लिये 100 करोड़ रुपए
- **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम प्रोत्साहन नीति 2017** के लिये 10 करोड़ रुपए
- **पावरलूम बुनकरों को रियायती दरों पर बिजली** उपलब्ध कराए जाने के लिये 150 करोड़ रुपए
- **उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल्स एंड गारमेंट पॉलिसी, 2017** के लिये 50 करोड़ रुपए
- **मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोज़गार योजना** के लिये 5 करोड़ रुपए
- **अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति योजना** के लिये 942 करोड़ रुपए

- **अरबी-फारसी मदरसों के आधुनिकीकरण** के लिये 459 करोड़ रुपए
- ग्राम पंचायतों में **750 पंचायत भवनों के निर्माण** के लिये 14 करोड़ रुपए
- ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की **युवक मंगल दल योजना** के लिये 25 करोड़ रुपए